दिनांकः 22.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–राज्य सरकार, 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रयासरत।
- केन्द्र सरकार ने युवाओं में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव से निपटने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया।
- ऑनलाइन ख़रीदारी के लिए सरकारी पोर्टल जेम ने विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए शुल्क कम किया–अब दस लाख रुपये तक की खरीद पर कोई शुल्क नहीं।
- राज्य में बारिश का दौर थमने के बाद दिन का पारा बढ़ा।

.................................................................................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रयासरत हैं। कल भीलवाड़ा में लघु उद्योग भारती के राजस्थान प्रदेश क्षेत्रीय सम्मेलन में उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस गति से राज्य सरकार काम कर रही है, उससे राजस्थान न केवल इस देश का बल्कि पूरे विश्व का एक ग्लोबल इंडस्ट्रियल हब बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश लाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। विशेषकर भीलवाड़ा में भी टेक्सटाइल हब होने के कारण इस पर सरकार का ध्यान केन्द्रित है। कार्यक्रम में उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने राज्य के आर्थिक विकास और एमएसएमई सेक्टर की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने 2026 में लघु उद्योग भारती के सहयोग से राज्य में स्टोन मार्ट की घोषणा की। सम्मेलन में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के बारे में जानकारी देते हुए अधिकाधिक निवेश के लिए प्रोत्साहन दिया।

.................................................................................

केंद्र सरकार ने युवाओं में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय ने मुख्य सचिवों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में दिशानिर्देश और मैन्यूअल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा है। परामर्श में तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों को रेखांकित किया गया है। इसमें विशेष रूप से नाबालिगों और युवाओं को तंबाकू और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के उपयोग से बचाने के लिए तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस परामर्श में ग्लोबल टबैको सर्वे 2019 के निष्कर्षों के हवाले से विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों का उल्लेख किया गया है।

.................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको खाद्य और सार्वजनिक वितरण के क्षेत्र में किये गये कामों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

.................................................................................

अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा, तथा शिक्षक समस्याओं पर गहन विचार विमर्श होगा।

.................................................................................

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत भरतपुर में मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन के जरिए को युवाओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान साफ सफाई रखने के साथ ही प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई। मैराथन में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी बांके बिहारी मंदिर मार्ग में सेवा पखवाड़े के

तहत स्वच्छता अभियान चलाया और बिहारीजी परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई की। इसके अलावा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी स्वच्छता की अलख भरतपुर में जगाई जा रही है।

........................................................................

ऑनलाइन ख़रीदारी के लिए सरकारी पोर्टल जी.ई.एम. ने खरीदारी को आसान बनाने और अर्थव्यवस्था को अधिक समावेशी बनाने के लिए विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए शुल्क को कम कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार, अब दस लाख रुपये तक की खरीद पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। पहले यह सीमा पांच लाख रुपये ही थी। दस लाख से दस करोड़ रुपये तक की खरीद पर अब केवल शून्य दशमलव तीन प्रतिशत शुल्क देय होगा। दस करोड़ रुपये से अधिक की खरीद पर तीन लाख रुपये का एक समान शुल्क लगेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय सरकार की 100 दिनों की पहल का हिस्सा था। जीईम के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत चव्हाण ने नई दिल्ली में कहा कि लगभग 97 प्रतिशत लेन–देन को शुल्क–मुक्त कर दिया गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग क्षेत्र को लाभ होगा।

........................................................................

जैसलमेर जिले को हरा–भरा करने के उद्देश्य से आज एक घंटे में पांच लाख पौधे लगाए जाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन सेना और जिला प्रशासन की ओर से जिले में चयनित छह स्थानों पर किया जा रहा है।

........................................................................

पर्यटन मंत्रालय ने ब्यावर जिले के मसूदा उपखंड के देवमाली गांव को देश का "बेस्ट टूरिस्ट विलेज" घोषित किया है। केंद्र सरकार द्वारा आगामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में यह अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। ब्यावर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। और ब्यौरा दे रही हैं हमारी अजमेर संवाददाता –

........................................................................

प्रदेश में बारिश का दौर थमने के बाद कुछ स्थानों पर दिन का पारा बढने लगा है। वहीं सुबह और रात को हल्की ठंड का भी अहसास होने लगा है। इस बीच, पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई है। उदयपुर और जोधपुर में कहीं–कहीं बरसात हुई। प्रदेश के शहरों के पारे में एक से तीन डिग्री तक का उछाल देखने को मिला। राज्य में सर्वाधिक 38 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान जैसलमेर में दर्ज किया गया।

........................................................................